दिनांक: 22.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोहानसबर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक विकास मानकों पर पुनर्विचार पर ज़ोर दिया।
- पीएम फसल बीमा योजना में अब जंगली जानवरों से फसलों को हुआ नुकसान भी शामिल।
- विभिन्न श्रम संगठनों ने देश में लागू चार नई श्रम संहिताओं का स्वागत किया।
- प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत कल 1 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो खुराक देने का लक्ष्य।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विकास मानकों पर गहन पुनर्विचार करने का आह्वान किया है। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जी20 ने वैश्विक वित्त और विकास को आकार दिया है, लेकिन वर्तमान मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित रखा है। उन्होंने कहा कि इससे प्रकृति के अत्यधिक दोहन को बढ़ावा मिला है, जिसका असर विशेष रूप से अफ्रीका में दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों को आगे बढ़ाया गया है।

श्री मोदी ने जी20 के तहत एक वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। श्री मोदी ने कहा कि जी–20 देशों को प्रशिक्षित चिकित्सीय विशेषज्ञों की टीम बनानी चाहिए, जिससे किसी भी आपातकाल स्थिति में तुरंत उसकी तैनाती की जा सके। श्री मोदी ने आज ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियों गुतरश से मुलाकात भी की।

000

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बदलाव करते हुए जंगली जानवरों से फसलों के नुकसान को भी इस योजना में शामिल किया है। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस निर्णय के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। सांसद ने बताया कि यह निर्णय देश के किसानों के हित में लिया गया है। उन्होंने कृषि मंत्री को पत्र लिखकर इस तरह के नुकसान को फसल बीमा में शामिल करने का अनुरोध किया था।

..............

000

खान विभाग ने माइनिंग गतिविधियों से संबंधित कार्यों के लिए मोबाइल ऐप और ऑनलाईन मॉड्यूल शुरू किए हैं। विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने निर्देश दिए हैं कि 15 दिसम्बर से ये सभी कार्य पेपरलेस होंगे। जयपुर में हुई कार्यशाला में उन्होंने बताया कि विभाग ने ई–रवन्ना, ई–पेमेंट सहित 14 मॉड्यूल तैयार किए हैं। इनका

उपयोग सुनिश्चित होने से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही, स्टेकहोल्डर्स को विभाग के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

000

राज्य में जल्द ही ट्रॉमा केयर पॉलिसी बनाई जाएगी और सड़क दुर्घटनाओं में जीवन बचाने के लिए एक प्रभावी एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के निरीक्षण के बाद इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी ट्रॉमा सेंटरों का सुदृढ़ीकरण होगा। इसका उद्देश्य जनहानि को कम करना है। मुख्य सचिव ने ट्रॉमा सेंटरों में पर्याप्त आईसीयू बेड, जीवन रक्षक उपकरण और प्रशिक्षित चिकित्सक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा।

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने आज जोधपुर आकाशवाणी केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों से बात करते हुए कहा कि कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाएँ, ताकि अधिक श्रोता जुड़ सकें। उन्होंने स्थानीय भाषा में कार्यक्रम बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे क्षेत्रीय समाज से सीधा संवाद मजबूत हो सके। श्री जाजू ने स्पष्ट किया कि दूरदर्शन और आकाशवाणी की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उन्होंने आकाशवाणी कार्यक्रमों को ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर लाने पर बल दिया, ताकि प्रसारण की पहुँच सीमावर्ती इलाकों तक मजबूत हो सके।

000

केन्द्र सरकार द्वारा कल से लागू की गई चार नई श्रम संहिताओं का भारतीय मजदूर संघ ने स्वागत किया है। संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह आज़ादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिक सशक्त होंगे और अनुपालन आसान होगा।

भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा कि लगभग पचास करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं और नई श्रम संहिताओं के लागू होने से अब उनका न्यूनतम वेतन पूरी तरह सुनिश्चित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन का भी प्रावधान है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुडे पुराने कानूनों को कई आधुनिक प्रावधानों के साथ अपडेट किया गया है।

..............

नई श्रम संहिताओं का स्वागत करते हुए नैसकॉम ने कहा कि वह उद्योग जगत को इस बदलाव को आत्मविश्वास के साथ अपनाने में मदद करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगा।

000

प्रदेश में कल उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जायेगा। इसके तहत पांच साल तक के एक करोड़ आठ लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए प्रदेशभर में 58 हजार 823 पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं। इसके साथ ही 6 हजार से ज्यादा ट्रांजिट टीमों और आठ हजार से ज्यादा मोबाइल टीम की व्यवस्था की गई है, जो अगले दो दिनों तक दवा लेने से वंचित बच्चों को पोलियो रोधी खुराक देंगे।

अभियान के प्रति जागरुकता के लिए आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाली और बालोतरा में जागरुकता रैली निकाली गई। वहीं भरतपुर के एसडीएम राहुल सैनी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 2 लाख 8 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

--------------

000

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 24 नवम्बर से जयपुर में शुरू हो रहे हैं। इसमें 24 खेलों का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन ने आज आकाशवाणी समाचार को दिये साक्षात्कार में बताया कि प्रतियोगिता के मुकाबले राज्य के सातों संभागों में होंगे। इनमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी, तैराकी, तिरंदाजी, शूटिंग, कैनोइंग और कयाकिंग जैसे खेल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में होगा।

--------------

यह विशेष साक्षात्कार आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से आज रात आठ बजे प्रसारित किया जाएगा।

000

राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के प्रति जागरुकता के लिए भी गतिविधियां हो रही हैं। मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए अजमेर में आज जागरुकता अभियान हुआ। शहर क दो निजी कॉलेजों में ढाई सौ से ज्यादा स्टाफ और विद्यार्थियों को एसआईआर के गणना प्रपत्र को ऑनलाइन भरने की जानकारी दी गई। यह प्रपत्र निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से मतदाता स्वयं भर सकते हैं। उपस्थित संभागियों ने मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म को ऑनलाइन भरा।

सवाईमाधोपुर जिले में भी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत मतदाता गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करने का काम प्रगति पर है। जिले में पंजीकृत 10 लाख 54 हजार मतदाताओं में से आज दोपहर तक 7 लाख 13 हजार से अधिक गणना प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं।

भरतपुर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में आज सुबह तक लगभग 67 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

डीग जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने बताया कि जिले में बीएलओ एवं प्रशासन एसआईआर के काम में जुटा हुआ है, जिसके काफी सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं।

000

केन्द्र सरकार राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी की क्षमता 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने की योजना बना रही है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 78वें एनसीसी दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए यह ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा  देश की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय विकास और सुरक्षा में उनके योगदान को बढ़ाने के बारे में भी विचार किया जा रहा है।

इस बीच, एनसीसी का 78वां स्थापना दिवस कल देशभर में कई कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कहा कि एनसीसी की उपस्थिति देश भर के 700 से अधिक जिलों में है और इसके 40 प्रतिशत कैडेट महिलाएं हैं। उन्होंने कैडेटों के प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए साइबर जागरुकता और ड्रोन–रोधी उपायों सहित आधुनिक तकनीक के महत्व पर बल दिया।

000

प्रदेश में अब ठंड का असर दिखने लगा है। पाली सहित आसपास के इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। यह ठंडा मौसम किसान वर्ग के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। मिट्टी में पर्याप्त नमी के चलते पाली जिले में रबी की बुवाई में तेजी आई है। किसान गेहूं, चना और सरसों की बुवाई जोर–शोर से कर रहे हैं। इसके अलावा,

कोटा में मानसून की ज्यादा बारिश से अमरूदों के उत्पादन पर असर हुआ है। संभागभर में 6 हजार टन की कमी दर्ज की गई है। अधिक वर्षा और कीट रोग के कारण फल झड़ने से, नवम्बर को पीक सीजन में अमरूदों की कीमत दोगुनी हो गई है।

000